**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

# PAPER I

OMR Sheet No. : ...............................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. [ | | | | | | | ]

(In figures as per admission card)

Roll No. ____________________

(In words)

**J 0 0 0 1 8**

**Test Booklet Series W**

**Time : 1 hour]** **[Maximum Marks : 100**

| Number of Pages in this Booklet : **32** | Number of Questions in this Booklet : **50** |
|---|---|

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **50** multiple-choice type of questions. All questions are compulsory.
3. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The Series of this booklet is **W**. Make sure that the Series printed on OMR Sheet is same as that on this booklet. In case of discrepancy in Series, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of the Test Booklet/OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only**. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में **50** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जाएगी । पहले 5 मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिए जाएँगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी काग़ज़ की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठों की संख्या तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ / प्रश्न कम हों या दुबारा आ गए हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको 5 मिनट दिए जाएँगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जाएगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद परीक्षा-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस परीक्षा-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
   (iv) इस प्रश्न-पुस्तिका का सीरीज़ **W** है । यह सुनिश्चित कर लें कि इस प्रश्न-पुस्तिका का सीरीज़, OMR पत्रक के सीरीज़ से मिलता है । अगर सीरीज़ भिन्न हो तो परीक्षार्थी दूसरी समान सीरीज़ वाली प्रश्न–पुस्तिका/OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करे ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिए गए हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।

   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर दिए गए OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिए गए वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फ़ोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किए गए उत्तर को मिटाना या सफ़ेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किए जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जाएँ ।
10. **केवल नीले / काले बाल प्वाईन्ट पेन का ही प्रयोग करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैल्कुलेटर) या लॉग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **ग़लत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेज़ी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेज़ी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

# PAPER I

## General Paper on Teaching and Research Aptitude

***Note :*** *This paper contains* ***fifty (50)*** *objective type questions of* ***two (2)*** *marks each. All questions are* ***compulsory****.*

**1.** From the following list of statements, select those which indicate the characteristics and basic requirements of teaching.

(i) Teaching implies communication.

(ii) Teaching is like selling goods.

(iii) Teaching means managing and monitoring.

(iv) Teaching implies influencing others.

(v) Teaching requires convincing others.

(vi) There can be no teaching without infrastructural support.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (i), (iii) and (iv)   (2) (i), (ii) and (iii)

(3) (iv), (v) and (vi)   (4) (ii), (v) and (vi)

**2.** What is the purpose underlying the use of teaching aids ?

(1) To make the lessons interesting

(2) To capture the students' attention

(3) To enhance access to technological resources

(4) To optimise learning outcomes

**3.** In the two lists given below, List I provides the list of teaching methods, while List II indicates the factors helpful in rendering them effective. Match the two lists and choose the correct answer from the code given below.

| | **List I (Teaching methods)** | | **List II (Factors helpful in making them effective)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Expository method | (i) | Trust and openness in relationship |
| (b) | Investigative method | (ii) | Freedom to choose a theme and scope for frank exchange of ideas |
| (c) | Discussion method | (iii) | Creating a challenge to address the problems |
| (d) | Personalised method | (iv) | Systematic, step-by-step presentation |
| | | (v) | Maximising infrastructural support |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

## प्रश्न-पत्र I

## शिक्षण और शोध अभिरुचि का सामान्य प्रश्न-पत्र

***निर्देश :*** *इस प्रश्न-पत्र में* ***पचास (50)*** *बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के* ***दो (2)*** *अंक हैं । सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

**1.** निम्नलिखित कथन सूची में उन्हें चुनिए, जो शिक्षण की मूल अपेक्षाओं और विशेषताओं को इंगित करते हैं ।

(i) शिक्षण में सम्प्रेषण निहित है ।

(ii) शिक्षण वस्तुओं के विक्रय जैसा है ।

(iii) शिक्षण का अर्थ प्रबंधन और प्रबोधन है ।

(iv) शिक्षण में अन्य को प्रभावित करना निहित है ।

(v) शिक्षण में अन्य व्यक्तियों को आश्वस्त करना निहित है ।

(vi) अधिसंरचनात्मक समर्थन के बिना कोई शिक्षण नहीं हो सकता ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (iii) और (iv)
(2) (i), (ii) और (iii)
(3) (iv), (v) और (vi)
(4) (ii), (v) और (vi)

**2.** शिक्षण सहायक सामग्रियों के अनुप्रयोग का प्रयोजन क्या है ?

(1) पाठ को रुचिकर बनाना

(2) छात्रों का ध्यान आकर्षित करना

(3) प्रौद्योगिकीय संसाधनों तक पहुँच में अभिवृद्धि करना

(4) अधिगम परिणामों को इष्टतम बनाना

**3.** नीचे दो सूचियाँ दी गई हैं । सूची I में शिक्षण विधियाँ दी गई हैं, जबकि सूची II में उन्हें प्रभावी बनाने में सहायक कारक इंगित किए गए हैं । इन दोनों सूचियों को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| **सूची I (शिक्षण विधियाँ)** | **सूची II (उन्हें प्रभावी बनाने में सहायक कारक)** |
|---|---|
| (a) व्याख्यात्मक (वर्णनात्मक) विधि | (i) संबंधों में विश्वास और खुलापन |
| (b) अन्वेषणात्मक विधि | (ii) किसी प्रकरण के चयन की स्वतंत्रता और विचारों के स्पष्ट आदान-प्रदान की गुंजाइश |
| (c) परिचर्चा विधि | (iii) समस्याओं पर ध्यान देने के लिए एक चुनौती पैदा करना |
| (d) वैयक्तिक विधि | (iv) व्यवस्थित, सोपानिक प्रस्तुति |
| | (v) अधिसंरचनात्मक अवलंब को अधिकतम करना |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**4.** Below are given statements pertaining to evaluation systems. Identify those which correctly explain them.

(i) Criterion-Referenced Testing (CRT) focuses on a delimited domain of learning tasks.

(ii) Norm-Referenced Testing (NRT) requires a clearly defined group.

(iii) Formative tests are given at the end of a course.

(iv) Both Norm-Referenced Testing (NRT) and Criterion-Referenced Testing (CRT) use the same type of test items.

(v) Summative tests are used regularly during teaching transactions.

(vi) Mastery tests are examples of Norm-Referenced Testing.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (i), (ii) and (iii)

(2) (i), (ii) and (iv)

(3) (iv), (v) and (vi)

(4) (ii), (v) and (vi)

**5.** In the list given below, identify those key teaching behaviours which have been observed to be contributive to effectiveness.

(i) Lesson clarity

(ii) Probing

(iii) Teacher-task orientation

(iv) Student success rate

(v) Instructional variety

(vi) Using student ideas

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (i), (ii), (iii) and (iv)

(2) (iii), (iv), (v) and (vi)

(3) (i), (iii), (iv) and (v)

(4) (ii), (iii), (v) and (vi)

www.careerindia.com

4. नीचे मूल्यांकन प्रणालियों से संबंधित कथन दिए गए हैं । उन कथनों को चुनिए, जो इन प्रणालियों की सही व्याख्या करते हैं ।

(i) निकष-संदर्भित परीक्षण (सी.आर.टी.) अधिगम कार्यों के अनुसीमित अनुक्षेत्र पर बल देता है ।

(ii) मानक-संदर्भित परीक्षण (एन.आर.टी.) के लिए एक सुस्पष्ट रूप में परिभाषित समूह की आवश्यकता होती है ।

(iii) निर्माणात्मक परीक्षण पाठ्यचर्या की क्रियान्विति के पश्चात् दिए जाते हैं ।

(iv) मानक-संदर्भित परीक्षण (एन.आर.टी.) और निकष-संदर्भित परीक्षण (सी.आर.टी.) दोनों एक ही प्रकार के प्रश्न पदों का अनुप्रयोग करते हैं ।

(v) शिक्षण क्रियान्वयन की अवधि में संकलनात्मक परीक्षणों का नियमित उपयोग होता है ।

(vi) प्रभुत्व परीक्षण, मानक-संदर्भित परीक्षण के उदाहरण हैं ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (ii) और (iii)

(2) (i), (ii) और (iv)

(3) (iv), (v) और (vi)

(4) (ii), (v) और (vi)

5. नीचे दी गई सूची में, उन प्रमुख शिक्षण व्यवहारों की पहचान कीजिए, जिन्हें प्रभाविता की दृष्टि से सहायक पाया गया है ।

(i) पाठ की स्पष्टता

(ii) अन्वेषी प्रश्न

(iii) शिक्षक-कार्य अभिमुखता

(iv) छात्र की सफलता दर

(v) अनुदेशनात्मक विविधता

(vi) छात्र के विचारों का उपयोग

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (ii), (iii) और (iv)

(2) (iii), (iv), (v) और (vi)

(3) (i), (iii), (iv) और (v)

(4) (ii), (iii), (v) और (vi)

www.careerindia.com
CAREERINDIA

CAREERINDIA

**6.** Identify the correct order of the following components which are interrelated in research.

(i) Observation

(ii) Hypothesis making

(iii) Developing concepts

(iv) Deducing the consequences of theories

(v) Methods employed to obtain them

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (v), (iv), (iii), (ii) and (i)

(2) (i), (iii), (ii), (iv) and (v)

(3) (ii), (iii), (i), (iv) and (v)

(4) (iv), (v), (iii), (ii) and (i)

**7.** In the list given below, identify those statements which correctly describe the meaning and characteristics of research.

(i) Research is a method of improving our common sense.

(ii) Deductive and inductive methods get integrated in a research process.

(iii) Research is creativity and charisma.

(iv) Research is the use of scientific method to provide answers to meaningful questions.

(v) Method of consulting and using experience is called research.

(vi) The answers provided by research can be empirically verified.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (ii), (iv) and (vi)

(2) (i), (ii) and (iii)

(3) (iv), (v) and (vi)

(4) (i), (iii) and (v)

www.careerindia.com

**6.** शोध में अंतर-संबंधित निम्नलिखित घटकों के सही क्रम की पहचान कीजिए ।

(i) प्रेक्षण

(ii) परिकल्पना निर्माण

(iii) सम्प्रत्ययों का विकास

(iv) सिद्धांतों के परिणामों को निगमित करना

(v) इन्हें पाने के लिए प्रयुक्त विधियाँ

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (v), (iv), (iii), (ii) और (i)

(2) (i), (iii), (ii), (iv) और (v)

(3) (ii), (iii), (i), (iv) और (v)

(4) (iv), (v), (iii), (ii) और (i)

**7.** नीचे दी गई सूची में, उन कथनों की पहचान कीजिए, जो शोध के अर्थ और विशेषताओं का सही ढंग से वर्णन करते हैं ।

(i) शोध हमारी सामान्य बुद्धि में सुधार की एक विधि है ।

(ii) शोध प्रक्रिया में निगमनात्मक और आगमनात्मक विधियाँ समन्वित हो जाती हैं ।

(iii) शोध सृजनशीलता और एक करिश्मा है ।

(iv) शोध सार्थक प्रश्नों के उत्तर प्रदान करने में वैज्ञानिक विधि का उपयोग है ।

(v) परामर्श की विधि और अनुभव के अनुप्रयोग को शोध कहा जाता है ।

(vi) शोध द्वारा प्रदत्त उत्तरों को इन्द्रियानुभविक ढंग से सत्यापित किया जा सकता है ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (ii), (iv) और (vi)

(2) (i), (ii) और (iii)

(3) (iv), (v) और (vi)

(4) (i), (iii) और (v)

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**8.** In the two lists given below, List I provides the types of research methods, while List II indicates the critical features associated with them. Match the two lists and choose the correct answer from the code given below.

| | **List I (Research methods)** | | **List II (Critical features)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Ex-post facto method | (i) | Finding out the status based on a study of a large sample |
| (b) | Case study method | (ii) | Interpretation of thoughts of a great thinker |
| (c) | Philosophical method | (iii) | Intervention based ameliorative approach |
| (d) | Descriptive survey method | (iv) | Causal comparison and correlational studies |
| | | (v) | In-depth study of a unit specified for the purpose |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (3) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |
| (4) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |

**9.** A researcher uses parametric test in lieu of non-parametric test for analysis and interpretation of results. This may be described as a case of

(1) Unethical research practice

(2) Malpractice in reporting of results

(3) Technical lapse in handling data

(4) Manipulation of research results

**10.** Which of the following provides more latitude to the researcher for creative expression ?

(1) Thesis writing

(2) Writing of a research article

(3) Presentation of a conference paper

(4) Preparing a research synopsis

www.careerindia.com

**8.** नीचे दो सूचियाँ दी गई हैं । सूची I में शोध विधियों के प्रकार दिए गए हैं, जबकि सूची II में उनसे संबद्ध महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ इंगित की गई हैं । इन दोनों सूचियों को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए ।

| **सूची I (शोध विधियाँ)** | | **सूची II (महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | कार्योत्तर विधि | (i) | एक बड़े समूह पर किए गए अध्ययन पर आधारित स्थिति का पता लगाना |
| (b) | व्यष्टि अध्ययन विधि | (ii) | एक महान् चिन्तक की विचारधारा की व्याख्या |
| (c) | दार्शनिक विधि | (iii) | हस्तक्षेप आधारित सुधारात्मक उपागम |
| (d) | वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि | (iv) | कारणमूलक तुलना और सह-संबंधात्मक अध्ययन |
| | | (v) | किसी उद्देश्य के लिए विनिर्दिष्ट एक इकाई का गहन अध्ययन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (3) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |
| (4) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |

**9.** एक शोधार्थी परिणामों के विश्लेषण और व्याख्या के लिए अपरामितिक (अप्राचलिक) परीक्षण के स्थान पर परामितिक (प्राचलिक) परीक्षण का उपयोग करता है । इसका किस रूप में वर्णन किया जा सकता है ?

(1) अनैतिक शोध आचरण

(2) परिणामों की रिपोर्टिंग में धाँधलेबाजी

(3) प्रदत्तों को प्रस्तुत (व्यवस्थित) करने में तकनीकी चूक

(4) शोध परिणामों में हेर-फेर

**10.** सृजनात्मक अभिव्यक्ति के लिए शोधार्थी को निम्नलिखित में से किसमें अधिक गुंजाइश है ?

(1) शोध-प्रबंध लेखन

(2) शोध प्रलेख का लेखन

(3) सम्मेलन पत्रक की प्रस्तुति

(4) शोध संक्षिप्तिका का निर्माण

CAREERINDIA
www.careerindia.com

CAREERINDIA

**Read the following passage carefully and answer questions no. 11 to 15.**

Some 2000 km down south of the Amazon, and about the same time when the tidal waves were at their highest as a consequence of the big clash of sea and fresh water at the Amazon delta most vigorously in March and April (2018), more than 40,000 people were talking about the power of water. Brasilia hosted the eighth edition of the World Water Forum (WWF – 8), where heads of states, civil societies and private sector gathered to discuss the present and future of mankind's most valuable resource. This year's theme was 'Sharing Water', and the government authorities expectedly put forth a political declaration, aimed at raising awareness about threats and opportunities associated with water resources. Deliberations here would play a decisive role in the periodic assessment of the sustainable development goals of Agenda 2030.

Brazil has established a solid institutional and legal framework for water management, based on the principle of multi-stakeholder participation. Brazil has also been conducting one of the boldest river inter-linking projects in which 500 km of canals will transfer abundant waters from the São Francisco basin to small rivers and weirs in one of Brazil's most arid areas, benefitting more than 12 million people in almost 400 municipalities.

India, too, has a large variety of water resources. An institutional framework consisting of regional river boards and river cleansing missions has been set up, while successive Central Governments have made efforts to address the dire needs of irrigation and mitigation of ground water depletion. As in the case of Brazil, a lot remains to be done in India.

Adequate treatment of industrial waste-water, the fight against contamination of riverbeds and assistance to drought affected areas are high priority topics for both New Delhi and Brasilia. Due to these commonalities, there is ample room for bilateral co-operation. Water is a local, regional and global common and as such, collaboration is key to address most of its associated threats.

Today, mankind is faced with two facts : water is too powerful a force to be fought over, and too valuable a resource to be lost. To harmonise these two conflicting aspects, sharing water is perhaps the only meaningful motto for the ages to come.

www.careerindia.com

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न संख्या 11 से 15 के उत्तर दीजिए :**

CAREERINDIA

अमेजोन के दक्षिण में लगभग 2000 किलोमीटर नीचे जब मार्च और अप्रैल (2018) में अमेजोन डेल्टा पर समुद्रीय एवं ताजा (फ्रेश) जल के मध्य जोरदार टक्कर के फलस्वरूप ज्वारीय तरंगें अपने शिखर पर थीं, तब उसी समय 40,000 से अधिक लोग जल शक्ति के बारे में चर्चा कर रहे थे । ब्रासीलिया ने विश्व जल मंच (डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ. – 8) के आठवें संस्करण की मेज़बानी की, जहाँ मानव जाति के सर्वाधिक मूल्यवान संसाधन के वर्तमान और भविष्य पर चर्चा के लिए राष्ट्राध्यक्ष, सामाजिक संगठनों और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि एकत्रित हुए । इस वर्ष का मूल-विषय (थीम) था – 'जल को साझा करना', तथा सरकारी प्राधिकारियों द्वारा एक राजनीतिक घोषणा प्रस्तावित की गई, जिसका उद्देश्य जल संसाधनों से संबंधित ख़तरों तथा अवसरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था । ये परिचर्चाएँ सन् 2030 के एजेण्डा में प्रस्तावित सतत विकास के लक्ष्यों के आवधिक आकलन में निर्णायक भूमिका निभाएँगी ।

ब्राजील ने जल प्रबंधन के लिए बहु-हितधारक भागीदारी के सिद्धांत पर आधारित एक ठोस संस्थागत और विधिक रूपरेखा स्थापित की है । ब्राजील नदियों को परस्पर जोड़ने की एक साहसिक परियोजना का संचालन भी कर रहा है, जिसमें 500 किलोमीटर लंबी नहरों के माध्यम से साओ फ्रांसिस्को से प्रचुर जल ब्राजील के एक सर्वाधिक शुष्क अनुक्षेत्र में लघु नदियों और बंधिकाओं को हस्तांतरित किया जाएगा, जिससे लगभग 400 नगरपालिकाओं में 12 मिलियन लोग लाभान्वित होंगे ।

भारत में भी विपुल कोटि के जल संसाधन हैं । क्षेत्रीय नदी बोर्डों और नदी सफाई मिशन वाली एक संस्थानिक रूपरेखा स्थापित की गई है, जबकि उत्तरोत्तर रूप में केन्द्र सरकारों ने सिंचाई की उत्कट आवश्यकताओं और भूमिगत जल के अवक्षय के न्यूनीकरण पर ध्यान देने के प्रयास किए हैं । जैसे कि ब्राजील के मामले में, भारत में भी बहुत-कुछ किया जाना शेष है ।

औद्योगिक अपशिष्ट-जल का पर्याप्त शोधन, नदी-तलों के संदूषण के विरुद्ध संघर्ष और सूखा-प्रभावित अनुक्षेत्रों को सहायता देना नई दिल्ली और ब्रासीलिया दोनों के लिए उच्च प्राथमिकता के मुद्दे हैं । इन समानताओं के कारण द्विपक्षीय सहयोग की असीमित संभावना है । जल एक स्थानीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक साझेदारी वाला संसाधन है और इससे संबंधित अधिकांश ख़तरों से निपटने हेतु सहयोग की अहम् भूमिका है ।

मानव जाति के समक्ष आज दो वास्तविकताएँ हैं : जल इतना बड़ा शक्तिशाली बल है कि उसको लेकर संघर्ष नहीं किया जा सकता और यह इतना मूल्यवान संसाधन है कि इसको गँवाने की जोखिम नहीं उठाई जा सकती है । इन दो विरोधाभासी पहलुओं के बीच सामंजस्य बिठाने के लिए जल को साझा करना संभवत: भावी समय के लिए एकमात्र सार्थक ध्येय-वाक्य है ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**11.** As per the text of the passage, the eighth edition of the World Water Forum was concerned with

(1) Present and future of mankind

(2) The issue of high tidal waves

(3) The power of water

(4) The role of civil society in solving water-related problems

**12.** Deliberations on the theme 'Sharing Water' should facilitate

(1) Regular evaluation of sustainable development goals

(2) The role of private sector in preserving water resources

(3) The establishment of institutional framework

(4) Sensitisation of government authorities

**13.** The institutional framework of Brazil for water management

(1) Promotes bilateral collaboration

(2) Provides for multi-stakeholder participation

(3) Consists of regional river boards

(4) Addresses legal dimensions of water sharing

**14.** What would be of high priority to both New Delhi and Brasilia as regards river water ?

(1) Proposing water as a global common

(2) Sharing water

(3) Development of large water resources

(4) Fight against contamination of riverbeds

**15.** The main focus of the passage is on

(1) Resolution of water conflicts

(2) Encouraging bilateral co-operation

(3) Management of water as a valuable resource

(4) River inter-linking

www.careerindia.com

**11.** गद्यांश के आलेख के अनुसार, विश्व जल मंच का आठवाँ संस्करण निम्नलिखित में से किससे संबंधित था ?

(1) मानव जाति के वर्तमान और भविष्य के बारे में

(2) उच्च ज्वारीय तरंगों के मसले के बारे में

(3) जल की शक्ति के बारे में

(4) जल से संबंधित समस्याओं के समाधान में सामाजिक संगठनों की भूमिका के बारे में

**12.** मूल-विषय (थीम) 'जल को साझा करना' पर विचार-विमर्श निम्नलिखित में से किसमें सहायक होना चाहिए ?

(1) सतत विकास लक्ष्यों का नियमित आकलन

(2) जल संसाधनों के संरक्षण में निजी क्षेत्र की भूमिका

(3) संस्थागत रूपरेखा की स्थापना

(4) सरकारी प्राधिकारियों को संवेदनशील बनाना

**13.** जल प्रबंधन के बारे में ब्राजील की संस्थागत रूपरेखा

(1) द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देती है

(2) बहु-हितधारक भागीदारी प्रदान करती है

(3) क्षेत्रीय नदी बोर्डों को शामिल करती है

(4) जल को साझा करने के बारे में विधिक आयामों पर ध्यान देती है

**14.** नदी जल के बारे में नई दिल्ली और ब्रासीलिया दोनों की एक उच्च प्राथमिकता क्या होगी ?

(1) जल को एक वैश्विक संसाधन के रूप में प्रस्तावित करना

(2) जल को साझा करना

(3) विशाल जल संसाधनों का विकास करना

(4) नदी-तलों के संदूषण के ख़िलाफ़ संघर्ष

**15.** उपर्युक्त गद्यांश मुख्य रूप से किस पर केन्द्रित है ?

(1) जल-संघर्षों के समाधान पर

(2) द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर

(3) एक मूल्यवान संसाधन के रूप में जल के प्रबंधन पर

(4) नदियों को परस्पर जोड़ने पर

CAREERINDIA

**16.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read the statements and choose the correct answer using the code given below.

*Assertion (A) :* Meanings of messages used in the classroom are arbitrary in nature.

*Reason (R) :* Meanings are learnt as a result of one's prior experiences.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**17.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read the statements and choose the correct answer using the code given below.

*Assertion (A) :* Classroom communication has a cultural dimension.

*Reason (R) :* Beliefs, habits, customs and languages are the cultural characteristics of communication.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

www.careerindia.com

**18.** In a classroom, teachers and students use self-interest issues to judge

(1) Their acceptability

(2) Uncritical dispositions

(3) Negative re-inforcement of ideas

(4) External non-verbal cues

**16.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) है और दूसरा तर्क (R) है । कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

*अभिकथन (A) :* कक्षागत परिस्थितियों में प्रयुक्त संदेशों के अर्थ स्वभावत: स्वैच्छिक होते हैं ।

*तर्क (R) :* व्यक्ति अपने पूर्व-अनुभवों के परिणामस्वरूप अर्थों को ग्रहण करता है ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(4) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

**17.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) है और दूसरा तर्क (R) है । कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

*अभिकथन (A) :* कक्षागत परिस्थितियों में सम्प्रेषण का एक सांस्कृतिक आयाम होता है ।

*तर्क (R) :* आस्थाएँ, आदतें, रीति-रिवाज़ और भाषाएँ, सम्प्रेषण की सांस्कृतिक विशेषताएँ हैं ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(4) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

**18.** कक्षागत परिस्थितियों में शिक्षक और छात्र किसके बारे में निर्णय लेने हेतु स्व-हित के मुद्दों का उपयोग करते हैं ?

(1) उनकी स्वीकार्यता

(2) असमीक्षात्मक प्रवृत्तियाँ

(3) विचारों का नकारात्मक प्रबलन

(4) बाह्य अशाब्दिक संकेत

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**19.** Variables that affect the information processing in a classroom are

(i) Perception levels

(ii) Learned habits

(iii) Attitudes, beliefs and values

(iv) Selectivity factor

(v) Market expectation

(vi) Institutional intervention

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (i), (ii), (v) and (vi) (2) (ii), (iii), (iv) and (v)

(3) (iii), (iv), (v) and (vi) (4) (i), (ii), (iii) and (iv)

**20.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read the statements and choose the correct answer using the code given below.

*Assertion (A) :* Selective exposure in the classroom is dependent upon students' perceptions and knowledge about the source of information.

*Reason (R) :* The effectiveness of the communication source determines the selective exposure of students to information.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**21.** The next term in the series

5, 11, 21, 35, 53, ?, ...

is

(1) 75 (2) 90 (3) 115 (4) 125

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**19.** कक्षागत परिस्थितियों में सूचना प्रक्रमण को प्रभावित करने वाले चर हैं

(i) प्रत्यक्षीकरण स्तर

(ii) अर्जित आदतें

(iii) अभिवृत्तियाँ, आस्थाएँ और मूल्य

(iv) चयनात्मकता कारक

(v) बाज़ार की अपेक्षा

(vi) संस्थागत हस्तक्षेप

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (ii), (v) और (vi)
(2) (ii), (iii), (iv) और (v)
(3) (iii), (iv), (v) और (vi)
(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**20.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) है और दूसरा तर्क (R) है । कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

*अभिकथन (A) :* कक्षागत परिस्थितियों में चयनात्मक प्रभावन सूचना स्रोत के बारे में छात्रों के प्रत्यक्षीकरण एवं जानकारी पर निर्भर करती है ।

*तर्क (R) :* सम्प्रेषण स्रोत की प्रभाविता छात्रों की सूचना के बारे में चयनात्मक अभिमुखता को निर्धारित करती है ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(4) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

www.careerindia.com

**21.** इस शृंखला

5, 11, 21, 35, 53, ?, ...

का अगला पद है

(1) 75
(2) 90
(3) 115
(4) 125

CAREERINDIA

**22.** The next term in the series

XY, ABC, FGHI, ? , ...

is

(1) MNPQO (2) MNOPQ

(3) PQOMN (4) NMPOQ

**23.** If the code of ALLAHABAD is DPQGOIKKO, then the code of BENGULURU will be

(1) ESBTBDIMF (2) MBDBFEIST

(3) EISMBTDBF (4) ESBDFBTMI

**24.** A man paid ₹ 160 while travelling 10 km in a taxi which has some initial fixed charges. Another man paid ₹ 276 for travelling 16 km and the taxi driver charged double of the initial fixed charges from him.

The charges of the taxi per km is

(1) ₹ 10 (2) ₹ 13 (3) ₹ 11 (4) ₹ 17

**25.** Gopal walks 20 m North. Then he turns right and walks 30 m. Then he turns right and walks 35 m. Again he turns left and walks 15 m. Then he again turns left and walks 15 m. The shortest distance between his original position and final one is

(1) 65 m (2) 55 m (3) 40 m (4) 45 m

**26.** Choose the proper alternative given in the code to replace the question mark.

Cow – Milk

Bee – Honey

Teacher – ?

**Code :**

(1) Marks

(2) Discipline

(3) Wisdom

(4) Lesson

www.careerindia.com

**22.** इस श्रृंखला

XY, ABC, FGHI, ?, ...

का अगला पद है

(1) MNPQO (2) MNOPQ

(3) PQOMN (4) NMPOQ

**23.** यदि ALLAHABAD का कूट DPQGOIKKO है, तो BENGULURU का कूट होगा

(1) ESBTBDIMF (2) MBDBFEIST

(3) EISMBTDBF (4) ESBDFBTMI

**24.** एक व्यक्ति एक टैक्सी में 10 किलोमीटर की यात्रा के लिए ₹ 160 का भुगतान करता है, जिसमें कुछ आरम्भिक निश्चित शुल्क सम्मिलित है । एक अन्य व्यक्ति ने 16 किलोमीटर की यात्रा के लिए ₹ 276 का भुगतान किया तथा टैक्सी ड्राइवर ने उससे आरम्भिक निश्चित शुल्क का दुगुना वसूल किया ।

टैक्सी का प्रति किलोमीटर शुल्क है

(1) ₹ 10 (2) ₹ 13 (3) ₹ 11 (4) ₹ 17

**25.** गोपाल उत्तर दिशा में 20 मीटर चला । इसके बाद वह दाहिने मुड़कर 30 मीटर चला । उसके बाद वह दाहिने मुड़कर 35 मीटर चला । पुन: वह बाएँ मुड़कर 15 मीटर चला । इसके बाद वह पुन: बाएँ मुड़कर 15 मीटर चला । उसकी आरम्भिक स्थिति और अंतिम स्थिति के बीच न्यूनतम दूरी है

(1) 65 मीटर (2) 55 मीटर (3) 40 मीटर (4) 45 मीटर

**26.** प्रश्न चिह्न के स्थान पर दिए गए कूट में से समुचित विकल्प को चुनिए ।

गाय – दूध

मधुमक्खी – शहद

शिक्षक – ?

**कूट :**

(1) अंक

(2) अनुशासन

(3) प्रज्ञा

(4) पाठ

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**27.** Among the following, two statements are related in such a way that if one becomes undetermined, the other will also be undetermined. Select the code that refers to these two statements.

*Statements :*

(i) Every fruit is nutritious.

(ii) Fruits are hardly nutritious.

(iii) Fruits are mostly nutritious.

(iv) Some food items are nutritious.

**Code :**

(1) (i) and (ii) (2) (ii) and (iii) (3) (iii) and (iv) (4) (i) and (iv)

**28.** Given below are two premises (a) and (b). Four conclusions are drawn from them. Select the code that embodies validly drawn conclusion(s) (taking the premises individually or jointly).

*Premises :*

(a) All saints are noble.

(b) Some religious men are saints.

*Conclusions :*

(i) Some religious men are noble.

(ii) All religious men are noble.

(iii) Some saints are religious men.

(iv) All noble persons are saints.

**Code :**

(1) (i) and (ii) (2) (ii) and (iii)

(3) (i) and (iii) (4) (i) and (iv)

**29.** Which one is ***not*** correct in the context of deductive and inductive reasoning ?

(1) A deductive argument makes the claim that its conclusion is supported by its premises conclusively.

(2) A valid deductive argument may have all false premises and true conclusion.

(3) An inductive argument claims the probability of its conclusion.

(4) An inductive argument cannot provide us any new information about matters of fact.

www.careerindia.com

**30.** When the purpose of the definition is to explain some established use of a term, the definition is called

(1) Stipulative (2) Lexical (3) Persuasive (4) Theoretical

**27.** निम्नलिखित में से दो कथन इस प्रकार संबंधित हैं कि यदि पहला कथन अनिश्चित बनता है, तो दूसरा भी अनिश्चित होगा । उस कूट का चयन कीजिए, जो इन दोनों कथनों से संबंधित है ।

*कथन :*

(i) प्रत्येक फल पोषक है ।

(ii) फल कदाचित ही पोषक हैं ।

(iii) फल अधिकांशतया पोषक हैं ।

(iv) कुछ खाद्य वस्तुएँ पोषक हैं ।

**कूट :**

(1) (i) और (ii) (2) (ii) और (iii) (3) (iii) और (iv) (4) (i) और (iv)

**28.** नीचे दो आधार वाक्य (a) और (b) दिए गए हैं । इनसे चार निगमित निष्कर्ष हैं । उस कूट का चयन कीजिए, जो वैध रूप में निष्कर्ष है (आधार वाक्यों को व्यक्तिगत या संयुक्त रूप से लेते हुए) ।

*आधार वाक्य :*

(a) सभी संत श्रेष्ठ जन हैं ।

(b) कुछ धार्मिक व्यक्ति संत हैं ।

*निष्कर्ष :*

(i) कुछ धार्मिक व्यक्ति श्रेष्ठ जन हैं ।

(ii) सभी धार्मिक व्यक्ति श्रेष्ठ जन हैं ।

(iii) कुछ संत धार्मिक व्यक्ति हैं ।

(iv) सभी श्रेष्ठ जन संत हैं ।

**कूट :**

(1) (i) और (ii) (2) (ii) और (iii)

(3) (i) और (iii) (4) (i) और (iv)

**29.** निगमनात्मक और आगमनात्मक तर्क के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(1) एक निगमनात्मक तर्क यह दावा करता है कि उसका निष्कर्ष आधार वाक्य से निश्चित रूप से समर्थित होता है ।

(2) एक वैध निगमनात्मक तर्क के पास सभी ग़लत आधार वाक्य और सही निष्कर्ष हो सकते हैं ।

(3) एक आगमनात्मक तर्क अपने निष्कर्ष की संभाव्यता के बारे में दावा करता है ।

(4) एक आगमनात्मक तर्क हमें वास्तविकताओं के बारे में कोई नई सूचना नहीं दे सकता ।

**30.** जब परिभाषा का उद्देश्य एक पद के कुछ प्रचलित उपयोग की व्याख्या करना है, तो इस परिभाषा को कहा जाता है

(1) विनिर्दिष्ट (2) शब्दकोशीय (3) अनुनयात्मक (4) सैद्धांतिक

CAREERINDIA

*Consider the following two tables (I and II) that indicate the percentage of employees working in various departments of an organization along with the ratio of men to women in the same departments. The total number of employees in the organization is 4600. Based on these tables I and II, answer the questions that follow* **(Questions no. 31 – 35)** *:*

**I : Percentage of Employees Departmentwise**

| *Name of the Department* | *Percentage of Employees (%)* |
|---|---|
| IT | 26 |
| Marketing | 22 |
| Purchase | 18 |
| HR | 11 |
| Accounts | 8 |
| Production | 15 |

**II : Gender Ratio of Employees**

| *Name of the Department* | *Ratio* | |
|---|---|---|
| | *Men* | *Women* |
| IT | 1 | 3 |
| Marketing | 1 | 1 |
| Purchase | 5 | 1 |
| HR | 1 | 1 |
| Accounts | 3 | 1 |
| Production | 3 | 2 |

**31.** What is the total number of women in the Accounts department ?

(1) 86 (2) 102 (3) 80 (4) 92

**32.** What is the total number of employees working in the IT and HR departments together ?

(1) 1628 (2) 1646 (3) 1766 (4) 1702

**33.** What is the ratio of the total number of men to total number of women working in all the departments put together ?

(1) 63 : 41 (2) 41 : 27 (3) 53 : 47 (4) 27 : 19

**34.** The number of women in the Purchase department forms what percentage of the total number of employees in the organization ?

(1) 3% (2) 6% (3) 1% (4) 12%

**35.** What is the ratio of the number of men in the Production department to the number of men in the Marketing department ?

(1) 7 : 3 (2) 9 : 11 (3) 13 : 7 (4) 11 : 9

www.careerindia.com

*निम्नलिखित दो तालिकाओं (I और II) पर विचार कीजिए, जो किसी संगठन के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के प्रतिशत को इंगित करती हैं, साथ ही इन विभागों में पुरुषों और महिलाओं का अनुपात दिया गया है । इस संगठन में कर्मचारियों की कुल संख्या 4600 है । इन तालिकाओं I और II के आधार पर अनुवर्ती प्रश्नों **(प्रश्न सं. 31 – 35)** के उत्तर दीजिए :*

**I : विभागवार कर्मचारियों का प्रतिशत**

| *विभाग का नाम* | *कर्मचारियों का प्रतिशत* |
|---|---|
| आई.टी. | 26 |
| विपणन | 22 |
| क्रय | 18 |
| एच.आर. | 11 |
| लेखा | 8 |
| उत्पादन | 15 |

**II : कर्मचारियों का लिंगानुपात**

| *विभाग का नाम* | *अनुपात* | |
|---|---|---|
| | *पुरुष* | *महिलाएँ* |
| आई.टी. | 1 | 3 |
| विपणन | 1 | 1 |
| क्रय | 5 | 1 |
| एच.आर. | 1 | 1 |
| लेखा | 3 | 1 |
| उत्पादन | 3 | 2 |

**31.** लेखा विभाग में महिलाओं की कुल संख्या कितनी है ?

(1) 86 (2) 102 (3) 80 (4) 92

**32.** आई.टी. और एच.आर. विभागों को मिलाकर उनमें कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है ?

(1) 1628 (2) 1646 (3) 1766 (4) 1702

**33.** सभी विभागों को मिलाकर उनमें कार्यरत पुरुषों की कुल संख्या और महिलाओं की कुल संख्या का अनुपात क्या है ?

(1) 63 : 41 (2) 41 : 27 (3) 53 : 47 (4) 27 : 19

**34.** इस संगठन में कर्मचारियों की कुल संख्या में क्रय विभाग की महिलाओं की संख्या कितने प्रतिशत है ?

(1) 3% (2) 6% (3) 1% (4) 12%

**35.** उत्पादन विभाग में पुरुषों की संख्या और विपणन विभाग में पुरुषों की संख्या का अनुपात क्या है ?

(1) 7 : 3 (2) 9 : 11 (3) 13 : 7 (4) 11 : 9

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**36.** Which of the following statement(s) regarding the term ICT is/are ***true*** ?

P : A digital divide is an economic and social equality with regard to access to, use of, or impact of ICT.

Q : ICT helps in international development by bridging the digital divide and providing equitable access to technologies.

Choose the correct answer from the following :

(1) P only (2) Q only

(3) P and Q (4) Neither P nor Q

**37.** A confidential file needs to be deleted from a workstation. Which is the most effective way to ensure this ?

(1) Rename the file

(2) Compress the file and back-up to tape

(3) Copy and paste the file into the recycle bin and empty the recycle bin

(4) Drag the file into the recycle bin and empty the recycle bin

**38.** Which of the following statement(s) is/are ***true*** with regard to websites ?

P : A blog is a website that consists of posts in reverse chronological order.

Q : A wiki is a website that is designed to allow people to collaborate easily.

Choose the correct answer from the following :

(1) P only (2) Q only

(3) P and Q (4) Neither P nor Q

**39.** In the context of e-mail, what is 'spam' ?

(1) The act of overloading an e-mail server by using denial-of-service attacks

(2) E-mail messages that are infected with viruses

(3) A large quantity of messages that do not reach the recipient

(4) Unsolicited advertising sent to a large number of recipients

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**36.** आई.सी.टी. पद के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन ***सही*** है/हैं ?

P : डिजिटल अंतराल आई.सी.टी. तक अभिगम्यता, उसके अनुप्रयोग, और उसके प्रभाव के बारे में आर्थिक तथा सामाजिक समानता है ।

Q : आई.सी.टी. डिजिटल अंतराल को कम करके और प्रौद्योगिकियों तक न्यायसंगत अभिगम्यता को प्रदान कर अंतर्राष्ट्रीय विकास में सहायता करता है ।

निम्नलिखित में से सही उत्तर को चुनिए :

(1) केवल P
(2) केवल Q
(3) P और Q
(4) न तो P और न ही Q

**37.** किसी भी वर्कस्टेशन से गोपनीय फाइल को विलुप्त किया जाना है । इसको सुनिश्चित करने का सर्वाधिक प्रभावी तरीका क्या है ?

(1) फाइल का नाम बदल कर नया नाम देना
(2) फाइल को संकुचित करना और टेप पर कॉपी बनाना
(3) फाइल को कॉपी कर उसको रिसाइकिल बिन में पेस्ट करना और रिसाइकिल बिन को खाली करना
(4) फाइल को ड्रैग कर रिसाइकिल बिन में ले जाना और रिसाइकिल बिन को खाली करना

**38.** वेबसाइट्स के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन ***सही*** है/हैं ?

P : कोई भी ब्लॉग एक वेबसाइट होता है, जिसमें विलोम कालक्रमिक पोस्ट्स होते हैं ।

Q : कोई भी विकी एक वेबसाइट होता है, जिसको लोगों द्वारा सरलता से परस्पर सहयोग करने के लिए तैयार किया गया है ।

निम्नलिखित में से सही उत्तर को चुनिए :

(1) केवल P
(2) केवल Q
(3) P और Q
(4) न तो P और न ही Q

**39.** ई-मेल के संदर्भ में 'स्पैम' क्या है ?

(1) डिनायल-ऑफ-सर्विस प्रहारों के द्वारा ई-मेल सर्वर पर अति-भार डालने का कार्य
(2) ई-मेल संदेश, जो वाइरसों से संक्रमित होते हैं
(3) संदेशों की एक बड़ी संख्या, जो सेवार्थियों तक नहीं पहुँचती
(4) सेवार्थियों की एक बड़ी संख्या को भेजे गए अयाचित विज्ञापन

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**40.** A virus type that is capable of shifting from one computer to another without user interaction is known as a

(1) Worm (2) Trojan

(3) Logic bomb (4) Boot sector

**41.** Sustainable Development Goals (SDGs) are formally known as

(1) Transforming Our World : 2030 Agenda

(2) Sustainable Living For All : 2022 Agenda

(3) Life Of Dignity For All : 2022 Agenda

(4) One Planet, One People : 2030 Agenda

**42.** An earthquake of a magnitude in the range of 6·0 – 6·9 on the Richter Scale is considered

(1) Moderate (2) Strong

(3) Major (4) Great

**43.** Frequent episodes of dense smog in winter season in the National Capital Region (NCR) can be attributed to

(i) stubble burning

(ii) biomass burning in rural households

(iii) transport

(iv) transboundary movement of pollutants

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (i) and (iii)

(2) (i), (ii) and (iii)

(3) (i), (iii) and (iv)

(4) (i), (ii), (iii) and (iv)

www.careerindia.com

**40.** वाइरस का वह प्रकार, जो उपयोगकर्ता के अनुप्रयोग के बिना एक कम्प्यूटर से दूसरे में हस्तांतरण में सक्षम है, कहलाता है

(1) वर्म (2) ट्रोजन

(3) लॉजिक बॉम्ब (4) बूट सेक्टर

**41.** सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) को औपचारिक रूप से किस नाम से जाना जाता है ?

(1) हमारे विश्व का रूपांतरण : 2030 एजेंडा

(2) सभी के लिए सतत जीवन शैली : 2022 एजेंडा

(3) सभी के लिए गरिमामय जीवन : 2022 एजेंडा

(4) एक ग्रह, एक जनता : 2030 एजेंडा

**42.** रिक्टर स्केल में 6·0 – 6·9 की रेंज के परिमाण वाले भूकम्प को माना जाता है

(1) मध्य स्तर का (2) तीव्र

(3) बड़ा (4) बृहद्

**43.** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.आर.) में सर्दी के मौसम में घनी धुंध की बारम्बार घटनाओं का कारण है

(i) खेत की ठूँठ को जलाना

(ii) ग्रामीण घरों में जैव मात्रा को जलाना

(iii) परिवहन

(iv) प्रदूषकों का सीमा से परे का संचलन

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (iii)

(2) (i), (ii) और (iii)

(3) (i), (iii) और (iv)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)



www.careerindia.com

CAREERINDIA

**44.** Municipal Solid Waste (MSW) comprises of

(i) Household waste

(ii) Sanitation residue

(iii) Waste from streets

(iv) Construction and demolition debris

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (i), (ii) and (iii)

(2) (i) and (iii)

(3) (i), (iii) and (iv)

(4) (i), (ii), (iii) and (iv)

**45.** As per the Indian Government's target for exploiting renewable energy sources, the percentage share of solar and wind energy in the total power generation from renewable energy sources by the year 2022 will be about

(1) ~ 91·43%

(2) ~ 57·14%

(3) ~ 50%

(4) ~ 60%

**46.** The mandate of the University Grants Commission (UGC) includes

(i) disbursing grants to Universities and colleges

(ii) recognising and monitoring technical institutions

(iii) funding research centres in Universities

(iv) managing various scholarship programmes

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (i), (ii) and (iv)

(2) (i), (iii) and (iv)

(3) (i), (ii) and (iii)

(4) (i), (ii), (iii) and (iv)

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**44.** नगरपालिका के ठोस अपशिष्ट (एम.एस.डब्ल्यू.) में आता है

(i) घरेलू अपशिष्ट

(ii) स्वच्छता-संबंधी अवशिष्ट

(iii) गलियों का अपशिष्ट

(iv) निर्माण और ढहाने का मलबा

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (ii) और (iii)

(2) (i) और (iii)

(3) (i), (iii) और (iv)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**45.** नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के दोहन के लिए भारत सरकार के लक्ष्यों के अनुसार वर्ष 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से कुल विद्युत् उत्पादन में सौर एवं वायु ऊर्जा का लगभग प्रतिशत हिस्सा होगा

(1) ~ 91·43% (2) ~ 57·14%

(3) ~ 50% (4) ~ 60%

**46.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) के अधिदेश में सम्मिलित है

(i) विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को अनुदान देना

(ii) तकनीकी संस्थानों को मान्यता देना एवं उनका प्रबोधन

(iii) विश्वविद्यालयों में शोध केन्द्रों को आर्थिक सहायता देना

(iv) विभिन्न छात्रवृत्ति कार्यक्रमों का प्रबंधन

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i), (ii) और (iv)

(2) (i), (iii) और (iv)

(3) (i), (ii) और (iii)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**47.** Which one of the following States is going to have India's first National Rail and Transportation University ?

(1) Uttar Pradesh (2) Maharashtra

(3) Bihar (4) Gujarat

**48.** The Citizen's Charter is an instrument which seeks to make an organisation

(i) Transparent

(ii) Accountable

(iii) Formal

(iv) Accessible

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (i) and (iii) (2) (i), (ii) and (iii)

(3) (i), (ii) and (iv) (4) (i), (ii), (iii) and (iv)

**49.** The Chief Minister of a State is ***not*** eligible to vote in the Presidential election, if

(1) he/she himself/herself is a candidate

(2) he/she is a caretaker Chief Minister

(3) he/she has a criminal case pending against him/her

(4) he/she is a nominated member of the State Legislative Assembly

**50.** In the QS World Rankings (2018), which of the following Indian Universities is/are among the top 500 Universities ?

(i) University of Delhi

(ii) University of Hyderabad

(iii) Banaras Hindu University

(iv) Jawaharlal Nehru University

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(1) (i) only (2) (i), (ii) and (iv)

(3) (i), (ii) and (iii) (4) (i), (ii), (iii) and (iv)

www.careerindia.com

**47.** निम्नलिखित में से किस राज्य में भारत का प्रथम राष्ट्रीय रेल एवं परिवहन विश्वविद्यालय स्थापित किया जाने वाला है ?

(1) उत्तर प्रदेश (2) महाराष्ट्र

(3) बिहार (4) गुजरात

**48.** नागरिक चार्टर एक उपकरण है, जो किसी संगठन को बनाता है

(i) पारदर्शी

(ii) उत्तरदायी

(iii) औपचारिक

(iv) अभिगम्य

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) (i) और (iii) (2) (i), (ii) और (iii)

(3) (i), (ii) और (iv) (4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**49.** राज्य का मुख्य मंत्री राष्ट्रपति पद के चुनाव में मत देने का पात्र ***नहीं*** है, यदि

(1) वह स्वयं एक प्रत्याशी है

(2) वह कार्यवाहक मुख्य मंत्री है

(3) उसके ख़िलाफ़ आपराधिक मामला लंबित है

(4) वह राज्य विधान सभा का एक मनोनीत सदस्य है

**50.** क्यू.एस. वर्ल्ड रैंकिंग (2018) में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारतीय विश्वविद्यालय सर्वोच्च 500 विश्वविद्यालयों में से है/हैं ?

(i) दिल्ली विश्वविद्यालय

(ii) हैदराबाद विश्वविद्यालय

(iii) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

(iv) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(1) केवल (i) (2) (i), (ii) और (iv)

(3) (i), (ii) और (iii) (4) (i), (ii), (iii) और (iv)



CAREERINDIA www.careerindia.com

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ कार्य के लिए स्थान

CAREERINDIA

www.careerindia.com